## खबर संक्षेप

### जिला रोगी कल्याण समितिः 15 दिवस में कराएं दुकानों के अनुबंध नवीनीकरण

**मण्डला।** जिला रोगी कल्याण समिति मण्डला द्वारा समिति के स्वामित्व की दुकानों के अनुबंध नवीनीकरण तथा क्षतिग्रस्त एक दुकान के विनष्टीकरण की कार्यवाही की जायेगी। सिविल सर्जन सह सचिव जिला रोगी कल्याण समिति कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य रूप से जिला रोगी कल्याण समिति की जिन दुकानों के किरायेदार/दुकानदार द्वारा बहुत लम्बे समय से अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। जिला रोगी कल्याण समिति मण्डला द्वारा नीलामी शर्तों के अनुरूप 15 दिवस की अवधि में दुकान का अनुबंध नवीनीकरण अनिवार्य रूप से किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। जिन किरायेदार/दुकानदार द्वारा अनुबंध नवीनीकरण नहीं कराया जाता उनसे एक माह में दुकान खाली कराने की कार्यवाही होगी। जिला रोगी कल्याण समिति मण्डला की दुकान क्रमांक 91 दुकान/भवन जीर्ण-क्षीर्ण होने के कारण कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मण्डला से पत्राचार कर विनष्टीकरण की कार्यवाही करने, जिला रोगी कल्याण समिति मण्डला की दुकानों का किराया नवीन दर से छोटी दुकानों से 4000 रूपए एवं बड़ी दुकानों से 7000 रूपए प्रतिमाह किरायादार/दुकानदार से एक सप्ताह में जमा कराया जाए। एक सप्ताह में किराया जमा न करने की स्थिति में अनुविभागीय एवं दण्डाधिकारी से संपर्क कर दुकान खाली करायी जाएगी। जिला रोगी कल्याण समिति की दुकान क्रमांक 39 बसंत कुमार जैन के नाम आवंटित थी जिनकी मृत्यु 5 जून 2024 को हो चुकी है दुकान खाली कराकर पुनः नीलाम करने की कार्यवाही की जाएगी।

### बिजली विभाग की लापरवाही से बिसौरा हाईस्कूल अंधेरे में

# 2 लाख से ज्यादा खर्च फिर भी नहीं पहुंची बिजली

*** ठेकेदार की मनमानी पर विभाग मौन, बच्चों का भविष्य दांव पर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले के निवास विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिसौरा का हाईस्कूल आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है, और इसके पीछे सीधे तौर पर विद्युत विभाग की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद विभाग अब तक स्कूल तक बिजली पहुंचाने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, जनजाति कार्य विभाग ने 3 जनवरी 2024 को लगभग 2,05,276 रुपये की राशि विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग को सौंपी थी। जिम्मेदारी साफ थी—स्कूल तक बिजली लाइन पहुंचाना। लेकिन



विभागीय ढिलाई और ठेकेदार की मनमानी ने इस काम को अधूरा ही छोड़ दिया।

आरोप बेहद गंभीर हैं। ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर शासकीय भूमि के बजाय निजी जमीन पर बिना अनुमति के पोल खड़े कर दिए। जब जमीन मालिक ने आपत्ति जताई, तो सुधार करने के बजाय पूरा काम ही ठप कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह मनमानी की गई और क्यों अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई?



स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब यह सामने आता है कि वर्षों पहले बना स्कूल भवन आज भी अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली न होने से छात्र गर्मी, अंधेरे और तकनीकी संसाधनों के अभाव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे तौर पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

इतना ही नहीं, स्कूल तक पहुंचने के लिए आज तक कोई पक्का रास्ता नहीं बनाया गया है। छात्र-छात्राएं उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर स्कूल पहुंचते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी खतरे में रहती है। खेल मैदान का अभाव अलग से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर असर डाल रहा है।

स्कूल के सामने पर्याप्त शासकीय भूमि होने के बावजूद उसका समतलीकरण नहीं किया गया, जिससे उसका उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। यदि प्रशासन चाहे तो इस भूमि का विकास कर स्कूल को बेहतर सुविधाएं दी जा सकती हैं, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता सब पर भारी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस पूरे मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों और एसडीएम निवास से की है और मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही शासकीय भूमि के माध्यम से तत्काल विद्युत लाइन बिछाकर स्कूल में बिजली उपलब्ध कराई जाए।

स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। उनका साफ कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर बच्चों के भविष्य को अंधेरे से निकालने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है।

## बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर बना भक्ति भाव का प्रमुख केन्द्र

*** सेठ परिवार का दिवाला इस नाम से है विख्यात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



महिष्मति नगरी के नाम से प्रसिद्ध मंडला के वार्ड नंबर 9, सिंहवाहिनी वार्ड में स्थित प्राचीन बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर इन दिनों भक्तिभाव का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह मंदिर "सेठ परिवार का दिवाला" नाम से भी विख्यात है और शहर के सबसे प्राचीन मंदिरों में इसकी गणना की जाती है।

इस ऐतिहासिक मंदिर की देखरेख सेठ भद्देलाल गणेश प्रसाद अग्रवाल के परिवार द्वारा की जाती है। वर्षों पुरानी परंपराओं को संजोए यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख स्थल है।

मंदिर की सबसे खास विशेषता यह है कि यहां प्रतिवर्ष चैत्र और क्वार नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु ज्वारे और खप्पर बोते हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां सिंहवाहिनी उनकी सभी इच्छाएं पूर्ण करती हैं।

नवरात्रि के प्रथम दिन से ही मंदिर में जल चढ़ाने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग जाती हैं। पूरे नौ दिनों तक यहां जस, भजन और कीर्तन के आयोजन होते हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहता है।

नवमी के दिन जवारों का विसर्जन विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। यह भव्य जुलूस मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सेठ भद्देलाल मार्ग से होते हुए उर्दू घाट तक पहुंचता है। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आस्था और उत्साह का परिचय देते हैं।

उर्दू घाट के समीप ही सेठ परिवार द्वारा स्थापित एक प्राचीन शिवालय भी स्थित है, जहां भक्त भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

नवरात्रि के इस पावन अवसर पर बड़ी सिंहवाहिनी मंदिर में उमड़ती श्रद्धा और आस्था की यह झलक मंडला की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।

## मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेवा, संवेदना और जनकल्याण के कार्यों के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन जिले में विशेष रूप से सेवा, संवेदना और जनकल्याण के कार्यों के साथ मनाया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें आमजन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुईं। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है और सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में एक नवजात शिशु के जन्म को विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके ने इमलिया निवासी श्रीमती गायत्री यादव पति श्री विजय यादव के परिवार में आज सुबह जन्मे इस बच्चे का नाम "मोहन" रखा, जो मुख्यमंत्री के प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक बना। मंत्री श्रीमती उइके ने बच्चे को गोद में उठाकर दुलार किया। इस पहल को उपस्थित नागरिकों एवं परिजनों ने सराहा और इसे यादगार पल बताया।

जिला प्रशासन द्वारा रोटरी ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे एवं अन्य डॉक्टरों द्वारा रक्तदान से संबंधित जागरूकता भी फैलायी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के 61वे जन्मदिन पर 61 लोगों ने रक्तदान किया।

इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण और स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

पूरे आयोजन में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस प्रकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन जिले में केवल उत्सव के रूप में ही नहीं, बल्कि जनसेवा के संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया गया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक रहा।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, अन्य जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके ने क्षय रोग के मरीजों से मुलाकात कर फूड बास्केट का वितरण भी किया।

## सरदार राष्ट्रीय एकता रथयात्रा का जिले में हुआ प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

गुजरात से निकल कर पूरे देश में भ्रमण करने वाली सरदार राष्ट्रीय एकता रथयात्रा का मंडला जिला की सीमा में प्रवेश करने पर नैनपुर नगर में भव्य स्वागत किया गया। देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देशी रियासतों को एक कर हमारे हिन्दूस्तान देश का निर्माण किया। आज उनकी स्मृति में एक बार फिर देश की राष्ट्रीय एकता के लिए सरदार एकता रथयात्रा निकाली गई है। रथयात्रा में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की भव्य प्रतिमा के साथ ही उनके स्मृति चिन्हों जिसमें 2 किलो 900 ग्राम के सोने का अशोक स्तंभ (जिसे उन्हें भेंट किया था) के साथ जेल में बंद रहने के दौरान उनके द्वारा उपयोग किया गया लोटा, संदूक, टिफिन, चप्पल और रियासतों के द्वारा उनके सम्मान में दिया गया सम्मान पत्र भी चांदी के फ्रेम



शामिल हैं। नैनपुर में जगह - जगह पर स्वागत उपरांत एकता यात्रा ग्राम गोकुलथाना पहुंची। जहां एक बड़ी सभा को स्थानीय ग्राम वासियों सहित गुजरात से यात्रा का आयोजन कर रहे आयोजकों ने संबोधित किया और उसके बाद रैवाड़ा में एकता रथयात्रा के मंचीय स्वागत के साथ सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। वहां से पिंडरई, चिरई डोंगरी (रेल्वे), रानटोला होते हुए सरदार एकता यात्रा बम्हनी बंजर पहुंची। मंडला शहर में एकता यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए बिझिंया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल स्टैचू के पास पहुंची। जहां पर एकता यात्रा के कार्यक्रम का मुख्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गुजरात से पधारे तमाम सम्माननीय अतिथियों का कुर्मी समाज विकास संगठन, महिला संगठन , पतंजलि समिति व विभिन्न संगठनों, समुदायों, मातृ शक्तियों के द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए उन सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गुजरात से सतीश भाई पटेल, श्रीमती मयूरी बेन, मनु भाई पटेल, के. के. पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**जन्मोत्सव** | **भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन।**

# नवजात शिशु का नाम रखा गया मोहन यादव

*** जिले भर में हुये विभिन्न आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी की गयी तत्पश्चात विभिन्न विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके मौजूद रही। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओ, जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर किया गया। कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन सहित अस्पताल



प्रबंधन को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।

### जन्मदिन पर नवजात शिशु का नामकरण

जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण के दौरान एक बेहद भावुक और यादगार क्षण उस समय देखने को मिला, जब मंत्री संपतिया उईके मेटरनिटी वार्ड पहुंचीं। संयोगवश उसी दिन सुबह एक नवजात शिशु का जन्म हुआ था। मंत्री ने नवजात को अपनी गोद में उठाकर स्नेहपूर्वक दुलार किया तो वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने परिजनों को मोहन नाम रखने को कहा, उन्होंने सरनेम पूछा तो संयोगवश यादव परिवार में जन्म हुआ है। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए मौके पर ही उसका नामकरण कर दिया। मंत्री ने नवजात का नाम 'मोहन यादव' रखा। यह बच्चा विजय यादव और गायत्री यादव के घर जन्मा है। मंत्री ने बच्चे के माता-पिता और परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह संयोग अत्यंत सुखद है कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर इस बालक का जन्म हुआ है। उन्होंने कामना की कि यह बालक मुख्यमंत्री के नाम की तरह ही प्रदेश का गौरव बढ़ाए और स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन जिए। मंत्री ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का जन्मदिन है और इस नन्हे बालक का जन्म इस अवसर को और भी खास बना रहा है। मैंने इसका नाम 'मोहन' रखा है, मेरी कामना है कि यह बालक हमेशा स्वस्थ और खुशहाल रहे। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में सेवा, संवेदना और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां एक ओर मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताई गई, वहीं दूसरी ओर नवजात के नामकरण ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, अस्पताल स्टाफ और आमजन उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### भाजपा कार्यालय में केक काटकर मनाया जन्मदिवस

भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## मण्डला में 5वीं-8वीं बोर्ड परिणाम घोषितः निवास विकासखंड अव्वल, जिले का प्रदर्शन संतोषजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मण्डला जिले ने कक्षा 5वीं में 98.17 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में 11वां स्थान तथा कक्षा 8वीं में 95.73 प्रतिशत परिणाम के साथ 16वां स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा विभाग के अनुसार जिले का कुल परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा है।




### कक्षा 8वीं में निवास सबसे आगे

विकासखंडवार प्रदर्शन में कक्षा 8वीं में निवास विकासखंड ने 99.91 प्रतिशत परिणाम के साथ जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। घुघरी 99.31 प्रतिशत के साथ दूसरे, नारायणगंज 99.02 प्रतिशत के साथ तीसरे, बीजाडांडी 98.94 प्रतिशत के साथ चौथे तथा मोहगांव 98.35 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

इसके अलावा नैनपुर 97.05 प्रतिशत के साथ छठवें, मवई 96.50 प्रतिशत के साथ सातवें, बिछिया 92.75 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर रहा, जबकि मण्डला विकासखंड 90.07 प्रतिशत परिणाम के साथ नौवें स्थान पर रहा।

### कक्षा 5वीं में निवास का शत-प्रतिशत परिणाम

कक्षा 5वीं में भी निवास विकासखंड ने 100 प्रतिशत परिणाम के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। बीजाडांडी 99.81 प्रतिशत के साथ दूसरे, नारायणगंज 99.77 प्रतिशत के साथ तीसरे, मोहगांव 99.61 प्रतिशत के साथ चौथे तथा घुघरी 99.35 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

बिछिया 99.21 प्रतिशत के साथ छठवें, मवई 99.19 प्रतिशत के साथ सातवें, नैनपुर 98.46 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर रहा, जबकि मण्डला विकासखंड 93.74 प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर रहा।

### अधिकारियों ने दी बधाई

जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं डीपीसी कुलदीप कठल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम बीआरसी एवं शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है।

यह परिणाम जिला शिक्षा केन्द्र से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है, जिनमें आंशिक संशोधन संभव है।

खबर संक्षेप

## केवलारी आश्रम में आयोजित होगा नव दिवसीय श्री राम कीर्तन महायज्ञ

डिंडोरी। जिले के अंतर्गत मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित केवलारी सेवा आश्रम में श्री राम कीर्तन महायज्ञ का आयोजन पूज्य संत श्री बालक दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है। आश्रम से जुड़े सभी भक्त जनों और महाराज श्री बालक दास जी के शिष्यों ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी नागरिकों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है । आश्रम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च से अखंड श्री राम कीर्तन महायज्ञ का कार्यक्रम प्रारंभ होकर 3 अप्रैल 2026 तक चलेगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की असीम अनुकंपा और पंचमुखी दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी महाराज के आशीर्वाद से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समस्त राम कीर्तन मंडलियों को अपने सहयोगियों के साथ आमंत्रित किया गया है।

## महुआ पेड़ के नीचे मृत अवस्था में पड़ा मिला युवक

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुटगांव में महुआ पेड़ के नीचे मृत अवस्था में एक युवक पड़ा मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक के बडे भाई राजकुमार चंदेल की सूचना पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस संबंध में राजकुमार चंदेल पिता उमेद प्रसाद उम्र 32 साल ने पुलिस को बतलाया कि घटना 23 मार्च की सुबह 08 बजे से 24 मार्च के दोपहर 03 बजे के बीच की है। बताया गया कि मृतक पवन कुमार चंदेल पिता उमेद उम्र 25 साल अपने मम्मी पापा के साथ रहता थाए जिसकी शादी नहीं हुई थी। रोज की तरह पवन 23 मार्च को सुबह करीब 8 बजे घर से महुआ बीनने के लिए गांव के जंगल से लगे खेत टोकनी एवं बर्तनए अनाज राशन लेकर गया था। वह वापस घर नहीं आयाए 24 मार्च की दोपहर 3 बजे गांव के नीरज चंदेल ने परिजनों को बतलाया कि पवन गांव के किनारे वाले खेत में महुआ के पेड़ के नीचे बेहोश पडा है। परिजन मौके पर जाकर देखे तो पवन मृत अवस्था में पडा था। सिर एवं बदन पर चोट थी। उसकी मृत्यु का कारण अज्ञात है।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना से जुड़ेंगे 343 गांव, जिला पंचायत में समीक्षा बैठक में हुआ अनुमोदन



डिंडोरी। जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक में आठ विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यों ने जिले के 343 संपर्क विहीन गांवों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के लिए अनुमोदित किया। वही ग्रामीण अंचल में जल संकट से निपटने की तैयारी की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने बताया कि जिले के 343 संपर्क विहीन गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना को 4 फेस के लिए अनुमोदन दिया गया है। लगभग 661८48 किलोमीटर की सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी।

## भैसों के क्रूरतापूर्वक परिवहन पर ट्रक जब्त, 3 आरोपित गिरफ्तार


बरही। ट्रक से भैंसों का क्रूरतापूर्वक परिवहन करने पर खितौली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ट्रक के जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर भैंस से लोड ट्रक खितौली पुलिस ने पकड़ा। ट्रक शहडोल उमरिया तरफ से आ रहा था और तिरपाल लगाये हुये था। खितौली पेट्रोल पंप के पास ट्रक चालक को रोककर पूछताछ की गई और तिरपाल खोलकर देखा गया तब पता चला की 30 नग भैंस पड़ा को क्रुरता पूर्वक ठूसकर ट्रक में भरकर परिवाहन कर सतना की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक क्रमांक NL 01 Aj 0964 को जब्त कर लिया है।

# वर्षों से है आस्था का केंद्र: केरानार वाली माई के दरबार में जल रही मन्नत की ज्योत, चैत्र नवरात्र में धार्मिक कार्यक्रमों के लिए आते हैं श्रद्धालु

**डिण्डौरी। जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भुसंडा के पोषक ग्राम केरानार में जंगल किनारे प्राचीन देवी मंदिर लोगों के लिए वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ हैं। यहां आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु माता की कृपा पाने चलकर आते हैं।**



मान्यतानुसार इस स्थान पर जो भी भक्त सच्चे मन से माता की स्तुति कर कष्टों को दूर करने की प्रार्थना करता हैं तो देवी मां मन्नत मांगने वाले व्यक्तियो को मनचाहा फल प्रदान करतीं हैं यहीं कारण हैं के माता के भक्तों की संख्या साल दर साल बढ़ रहीं हैं लोग दूर दूर से आकर माता को शीश झुकाते हैं। वहीं साल के दोनों नवरात्रि के दौरान यहां मन्नत पूर्ण होने पर भक्तों के द्वारा अखंड ज्योत जलाई जाती हैं तथा जवारा भी बोए जातें हैं इस बार भी मनोरथ पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं ने दीप रौशन कर मंदिर परिसर को जगमगाया हैं। जबकि माता के दर्शनार्थ प्रतिदिन लोग पहुंच रहें हैं वैसे इस धार्मिक स्थल की लोकप्रियता और विशेषता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि यहां छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र आदि राज्यों के श्रद्धालु आकर माता से मनोकामना के पूर्ण होने की प्रार्थना करतें हैं। माता के अनुयायी बताते हैं कि जो भी व्यक्ति माता के दरबार में सच्चे मन से मुराद मांगता हैं निःसंदेह माता उसकी मनोकामना को पूर्ण करतीं हैं । मनोकामना के पूर्ण हो जाने पर भक्त माता के दरबार में माथा टेककर श्रद्धाभाव से तेल या घी की ज्योत जलाते हैं। इस वर्ष भी दरबार परिसर में ज्योत जगमगा रहे हैं मंदिर प्रबंधन के द्वारा ज्योत जलाने के लिए बकायदा अलग स्थान बना दिया है ताकि ज्योत



जलाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो उन्होंने बताया कि माता के ऐसे अनेकों सामर्थ्य वान भक्त हैं जो मन्नत के पूरा होने पर क्षमतानुसार विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ भंडारा प्रसाद वितरण भी करते हैं। बहरहाल मंदिर के इतिहास के बारे में अभी तक स्पष्ट जानकारी किसी ने नहीं दी हैं कि इस स्थान पर कैसे और किसने मंदिर का निर्माण कराया हैंए लेकिन यह क्षेत्र के अति प्राचीन मंदिरों में गिना जाता हैं। स्थानीय नागरिक भी इस धार्मिक स्थल पर गहरी आस्था रखतें हैं। वैसे तो भक्तों का साल भर यहां आना जाना लगा रहता हैं मगर चैत्र नवरात्र के



प्रथम दिवस पंचमी तथा अष्टमी नवमी को अधिक भीड़ रहती हैं।

### केला के पेड़ होने से केरानार नाम पड़ा

स्थानीय लोगों का कहना हैं कि जिस स्थान में मंदिर है वहां पहले केला के वृक्ष बहुतायत मात्रा में थे अभी भी मंदिर परिसर के आसपास दर्जनों केले के पेड़ लगें हैं। क्षेत्रीय भाषा में केला को अपभ्रंश के रूप में अस्पष्ट केरा बोला जाता हैं। स्थानीय लोगों के केला को केरा नाम का संबोधन देने से कालांतर में इस स्थान का नाम केरानार बोला जाने लगा तब से लोग इस स्थान को केरानार के नाम से जानते हैं । वैसे तो इस स्थान पर आदिवासी समाज की गहरी आस्था हैं लेकिन कष्टों के निवारण के लिए अन्य समाज के लोगों का भी अटूट विश्वास हैं ।

### कुंड के पानी से फायदा .

माता के एक अन्य भक्त से बातचीत में बताया कि मंदिर परिसर के समीप एक प्राकृतिक पानी का कुंड हैं जिसमें हर समय अविरल धारा बहती रहती हैं इस कुंड का पानी कभी सूखता नहीं देखा गया हैं और इसके स्त्रोत के बारे में भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं हैं लोग कहते जरुर है कि पहाड़ के अंदर से नीचे नीचे पानी आता हैं किंतु उस स्थान को आज तक किसी ने नहीं देखा जबकि हर समय इसकी अविरल धारा बहती रहती हैं। इस कुंड के पानी के बारे में क्षेत्र में प्रचलित मान्यता है कि इसके पानी में स्नान करने से लोगों को खुजली और चर्मरोग सहित अन्य बीमारियों से मुक्ति मिलती हैं। यहीं कारण हैं कि यहां तक चलकर आने वाला श्रद्धालु स्नान तो करता ही है साथ ही पानी को माता का प्रसाद समझ कर साथ ले जाता हैं। इस स्थान पर वर्ष भर लोगों का आना जाना लगा रहता हैं लेकिन दोनों नवरात्रि की पंचमी अष्टमी और नवमी की तिथि में अधिक संख्या में भक्त आते हैं और दिनभर पूजा पाठ भजन गायन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलते रहता हैं।

# मुड़िया कला में जल संकट, चार माह से बंद नल जल योजना



### दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

डिंडोरी। जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत मुड़ियाकला में पिछले चार महीनों से नल.जल योजना ठप पड़ी हुई हैए जिससे गांव में गंभीर पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान हैं। कहने को तो ग्राम में जल जीवन मिषन के तहत कनेक्षन किये गये हैं। लेकिन योजना बंद होने के कारण ग्रामीणों को बूंद.बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसारए नल.जल योजना बंद होने से उन्हें कुएंए झिरिया और झरनों का दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा हैए जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। बताया गया है कि बोरवेल में मिट्टी धंसने के कारण पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से कई बार योजना को पुनः चालू करने का प्रयास कियाए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा पीएचई विभाग से नया बोर कराने या पुराने बोर की सफाई कराने की मांग की गईए लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के निर्माण में भी कई अनियमितताएं रही हैं। पाइपलाइन विस्तारए चैंबर निर्माण और विद्युत कनेक्शन जैसे कार्य अधूरे छोड़ दिए गए हैं। यही कारण है कि योजना पूरी तरह से असफल है। ग्रामवासियों ने इस समस्या को लेकर कई बार जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराईए लेकिन समाधान नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही जल संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा पीएचई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत के साथ ग्राम पंचायत का प्रस्ताव भी दिया गया। बावजूद इसके अब तक विभाग द्वारा ग्रामीणों की समस्या के निदान के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए जद्दोजहद करना पड रहा है।

# बिजली करंट लगने से युवक घायल

डिंडौरी। जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिंडरुखी में बिजली करंट लगने से कुर्सी से गिरकर युवक घायल हो गया। जिला चिकित्सालय चैकी पुलिस को दिए कथन में शंकर सिंह पिता पुरन सिंह राजपूत उम्र 35 वर्ष ने बतलाया कि मंगलवार को मेरे घर के रसोई का बल्ब फ्यूज हो गया थाए जिसे बदलने के लिए मै रात करीब 8 बजे कुर्सी पर खड़ा होकर बल्व बदल रहा था। तभी मुझे अचानक जोर का बिजली का करंट लगा एवं मैं झटके से कुर्सी के नीचे गिर गया। घर के अन्य लोगो ने मुझे उठाये एवं एक कार से जिला अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती किये। करेंट लगने से मेरे पूरे बदन में झनझनाहट हो रही है एवं उल्टियां भी हो रही है। कुर्सी से नीचे गिरने से सिर पर बाये तरफ चोट लगी है।

# समीक्षा बैठकों और कागजी रिपोर्ट तक सीमित विकास कार्य, जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा असर

डिंडोरी। जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार बैठकों का दौर जारी है। समय.समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यालयों में बैठकें आयोजित कर योजनाओं की प्रगति का आकलन किया जाता हैए और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए जाते हैं। हालांकि इन बैठकों और कागजी समीक्षाओं के बावजूद कई योजनाओं का वास्तविक लाभ जमीनी स्तर पर लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसारए अधिकांश अधिकारी कार्यालयों में बैठकर योजनाओं की समीक्षा करने तक ही सीमित नजर आते हैं। बैठक के दौरान प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती हैए योजनाओं की उपलब्धियां गिनाई जाती हैं और संबंधित विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाते हैं। बैठक समाप्त होने के बाद इन गतिविधियों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अगले ही दिन इन बैठकों से जुड़ी खबरें स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित होती हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा की जाती हैंए जिससे यह संदेश देने की कोशिश होती है कि प्रशासन विकास कार्यों को लेकर बेहद सक्रिय है। लेकिन जमीनी स्तर की स्थिति कुछ अलग ही कहानी बयां करती है। कई स्थानों पर विकास कार्य अधूरे पड़े हैंए तो कहीं योजनाओं का क्रियान्वयन अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कए पानीए स्वच्छताए आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई कार्य लंबे समय से लंबित बताए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बैठकों में भले ही योजनाओं की प्रगति का दावा किया जाता होए लेकिन वास्तविकता में कई समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। यदि विभागवार स्थिति पर नजर डालें तो कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से छिंदगांव बांध परियोजना पर कार्य किया जा रहा हैए जबकि यह क्षेत्र राघवपुर परियोजना के डूब क्षेत्र में आता है। इस विषय पर समीक्षा बैठकें भी हुईंए लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई या स्पष्टता सामने नहीं आई है। इससे योजना की उपयोगिता और सरकारी धन के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वहीं जिला चिकित्सालय की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। आए दिन यह शिकायत सामने आती है कि चिकित्सक अपनी सुविधा अनुसार अस्पताल पहुंचते हैं या कई बार ड्यूटी डॉक्टर समय पर उपस्थित नहीं रहते। ऐसे मामलों में आकस्मिक परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और गंभीर परिणाम तक सामने आ जाते हैं। समय.समय पर औचक निरीक्षण भी किए जाते हैंए लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। कई वार्डों में सड़कए नाली और साफ.सफाई से जुड़ी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। नागरिकों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर कई बार शिकायतें की गईंए बैठकें भी हुईंए लेकिन वास्तविक कार्रवाई धरातल पर नजर नहीं आती। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल.जल योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। योजना का उद्देश्य हर घर तक पानी पहुंचाना थाए लेकिन कई क्षेत्रों में आज भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। विडंबना यह है कि अंततः एक आदेश जारी कर यह कह दिया जाता है कि जिला सूखा ग्रस्त या सूखा गृहित हैए जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। जिले के विभिन्न विभागों में अनियमितताओं और व्यवस्थागत कमियों की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद जिला मुख्यालय में कलेक्टर सभाकक्ष में विभागों की समीक्षा बैठकों का सिलसिला जारी रहता है। प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान भी विकास कार्यों को लेकर चर्चा होती है और आवश्यक निर्देश दिए जाते हैंए लेकिन अक्सर यह प्रक्रिया औपचारिकता तक ही सीमित दिखाई देती है। बैठक के बाद अगले दिन अखबारों में समाचार प्रकाशित हो जाता हैए तस्वीरें भी सामने आ जाती हैंए और विकास की समीक्षा का संदेश जनता तक पहुंचा दिया जाता है। लेकिन आम लोगों का कहना है कि इन बैठकों का असर जमीनी स्तर पर बहुत कम दिखाई देता है। लोगों का यह भी कहना है कि जहां एक ओर विभागों के प्रमुख अधिकारी सभा कक्ष में बैठकर समीक्षा बैठकों के दौरान चाय.नाश्ते के साथ योजनाओं पर चर्चा करते नजर आते हैंए वहीं दूसरी ओर आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। ऐसे में अब जरूरत इस बात की महसूस की जा रही है कि प्रशासनिक बैठकों के साथ.साथ वास्तविक कार्यों की प्रगति पर भी गंभीरता से ध्यान दिया जाए। यदि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्रीय निरीक्षण करेंए शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और योजनाओं की निगरानी सीधे जमीनी स्तर पर करेंए तभी विकास कार्यों का वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंच सकेगा और प्रशासन पर लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा।

### इनका कहना है

बैठकों और रिपोर्टों से विकास संभव नहीं हैए प्रशासन को चाहिये कि योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी कर जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय करना चाहिये।

**सम्यक जैनए अधिवक्ता**

प्रभारी मंत्री का आगमन हो रहा है इस बावद उनसे चर्चा की जायेगी।

**चमरू सिंह नेतामए जिला अध्यक्ष भाजपा**

ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। जल जीवन मिशन जिले में फ्लॉप साबित हो रही हैए ग्रामीणों को जल संकट से जूझना पड रहा है। हर रोज समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है लेकिन निराकरण क्या हो रहा है। समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

**ओमकार मरकामए विधायक डिंडौरी**

# वृद्ध ने बेटे बहू पर प्रताड़ना का आरोप जमीन वापस दिलाने की गुहार

**डिंडौरी। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रियाकला निवासी एक वृद्ध ने अपने पुत्र एवं बहू पर प्रताडित करने और भरण पोषण नहीं करने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने हक की बेटों को दी गई जमीन भी वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई है। विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय में दिये गये आवेदन में उम्मेलाल झारिया पिता स्वण गुलजार सिंह झारिया उम्र 78 वर्ष ने लिखित आवेदन में लेख किया है कि वह और उसकी पत्नी शारीरिक रूप से कमजोर हो गये हैं।**



उन्होंने बतलाया कि उनकी चार संतान है जिसमें दो बेटा अखिलेश झारिया और मिथिलेश झारिया के अलावा दो बेटियां है जिनका विवाह हो चुका है। जो दूसरे जिले में अपने परिवार के साथ निवासरत हैंए गांव में दोनों बेटा परिवार सहित रहते हैं जिनके द्वारा हम दोनों पति पत्नियों का भरण पोषण नहीं किया जा रहा है। जबकि दोनों बेटों को अपने हक की आधी संपत्ति नाम कर दी गई है। बावजूद इसके पुत्रों द्वारा हम दोनों पति पत्नी की देखरेख व भरण पोषण नहीं किया जा रहा हैए तथा आए दिन गाली.गलौज करते हैं व जान से मारने की धमकी देते हुए दबाव बनाते है कि बची हुई संपत्ति हमें दे दो वरना किसी भी दिन जान से मार देंगे। कुछ समय से मैं और मेरी पत्नी की तबीयत बहुत खराब रहती है और इलाज के लिए हम दोनों शहपुरा अस्पताल में भर्ती हुए थे। जहाँ पर हमारी सेवा करने व देखने तक कोई नहीं आया। बीच.बीच में मेरी दोनों बेटी द्वारा सेवा की जाती है व इलाज कराया जाता हैए कोई परिवार का व्यक्ति अगर कुछ दिनों के लिए आता है और हमें खाना बनाकर खिला देता है। उनसे भी मेरे पुत्र व नाती सागर गाली गलौच देकर भगा देते है। आवेदक ने बतलाया कि कुछ समय पहले मैंने अपने चारों बच्चों को घर बुलाकर व गाँव की पंचायत को इकट्ठा करके बातचीत किया था। उस समय गाँव के बुजुर्गों द्वारा तय किया गया की 6.6 महीना दोनों बेटों द्वारा मिलकर भरण पोषण किया जायेगा। लेकिन बड़े बेटे द्वारा 10 से 15 दिन खाना खिलाया गया और बाद में खाना देने से मना कर दिया। इसके बाद मैं छोटे बेटे के पास गयाए उसने भी खाना देने से मना कर दिया। इसके बाद मैं कुछ दिन अपनी उमरिया निवासी बेटी के घर थाए जहां मैंने बेटों द्वारा खाना नहीं देने की बात बताई थीए जिस पर उन्होंने बोला कि एक बार गाँव में पंचायत से बात करो। मैंने पंचायत में फिर सब कुछ बताया तो उन्होंने प्रशासन से शिकायत करने की सलाह दी। वृद्ध ने बतलाया कि मैं अपने दोनों पुत्रए नाती व और बहु से बहुत परेशान हो गया हूँ। वृद्ध ने मांग की है कि मेरी सम्पत्ति से इन्हें बेदखल किया जाये। मैं अपनी संपत्ति बेचकर अपना गुजर.बसर करना चाहता हूँ।

# नल.जल योजना का लाखों का बिल पंचायत पर बिना हैंडओवर ही बिजली कनेक्शन कटा, सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

डिंडौरी। जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी माल अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माण कार्य जारी हैए बावजूद इसके ग्राम पंचायत के नाम विद्युत विभाग द्वारा लाखों रुपये का बिजली बिल जारी किया गया है। इस बावद ग्राम पंचायत की सरपंच बसंती बाई ने विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय में शिकायत करते हुये निराकरण की मांग की है। सरपंच ने बतलाया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत खजरी मालए खजरी रैयतए चटिया रैयतए चटिया माल और वनग्राम चंद्रागढ में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का कार्य चल रहा है। अब तक किसी भी ग्राम में कार्य पूर्ण नहीं कराया गया हैए और ना ही ग्राम पंचायत को हैंडओवर किया गया है। बावजूद इसके विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच के नाम पर 521363 रूपये का बिजली बिल भेज दिया गया हैए तथा जारी किया गया बिल भुगतान करने के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है। आलम यह है कि बिजली बिल की अदायगी नहीं होने के कारण सभी नल जल योजना के लिए किये गये कनेक्शन भी काट दिया गया है। सरपंच ने बतलाया कि सभी ग्रामों में कुआं एवं हैंडपंप भी सूखने की कगार पर हैं। आने वाली भीषण गर्मी में पेयजल की गंभीर समस्या बनेगी जिससे निजात पाने के लिए नल जल योजना ही एक माध्यम होगा लेकिन विद्युत विभाग द्वारा सभी ग्रामों के विद्युत कनेक्षन विच्छेदित कर दिये गये हैं जिससे पेयजल समस्या से जूझना पडेगा। इस बावद सरपंच ने मांग की है कि ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामों में शीघ्र नल जल योजना का कार्य पूर्ण कराया जायेए और विद्युत विभाग द्वारा जारी बिजली बिल का निराकरण भी किया जाये। वहीं विद्युत विभाग अमरपुर के कनिष्ठ अभियंता द्वारा 13 मार्च 2026 को ग्राम पंचायत खजरी सरपंच के नाम पर पत्र जारी किया गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि आपके अधीनस्थ विद्युत कनेक्शन की अनिवार्य रूप से जमा किया जाये। ग्राम पंचायत अंतर्गत नल जल योजना में विद्युत कनेक्शन के बिल का भुगतान विगत कई महीनों से किया जाना लंबित है। महीनों से बिल लंबित होने के कारण उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही हैए तथा बकाया विद्युत बिल राशि जमा नहीं किये जाने पर कनेक्शन विच्छेदित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### परमहंसी में राजराजेश्वरी मैयाजी का मोर पंखों से हुआ मनमोहक श्रृंगार

**गोटेगांव** समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झोतेश्वर स्थित हरी-भरी पहाड़ियों के बीच बने भव्य मंदिर में विराजमान माँ राजराजेश्वरी का चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिदिन भव्य श्रृंगार किया जा रहा है।नवरात्रि के छठवें दिवस माता का किष्किंधा स्वरूप में अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसमें कोमल और आकर्षक मोर पंखों का विशेष उपयोग किया गया। इस मनोहारी श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालुओं का मन आनंदित हो उठा।दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन एवं आरती कर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के समाधि स्थल पर भी दर्शन किये।

### नमामि का सुयश



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस घोषित हुए राव रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के परीक्षा परिणामों में कक्षा नवमी की छात्रा कु नमामि शर्मा सुपुत्री श्रीमती गीता लक्ष्मीनारायण शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक ए वन श्रेणी हासिल की है। नमामि की इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### कार्य में लापरवाही, रोकी वेतन वृद्धि

**नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ श्रीमती अंजना झारिया महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उप स्वास्थ्य केन्द्र सर्रा ब्लाक गोटेगांव द्वारा विगत वर्षों से लगातार कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने एवं कर्तव्य स्थल से अधिकांशतः बिना कोई पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं मुख्यालय पर निवास न करने तथा पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने से राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रभावित होने के कारण उनकी आगामी एक वेतन वृद्धि तत्काल रोकने के आदेश दिए गए।

### कवि डॉ शंकर सहर्ष की आकाशवाणी पर प्रस्तुति आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ख्यात लब्ध हास्य व्यंग्य कवि डॉ शंकर सहर्ष आकाशवाणी जबलपुर पर को शाम 7:20 पर कृषि जगत कार्यक्रम के अंतर्गत देश प्रेम एवं ग्रामीण जीवन पर आधारित अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। डॉक्टर सहर्ष दूरदर्शन, टीवी एवं आकाशवाणी के अन्य चैनलों पर भी अपनी अनेक बार प्रस्तुति दे चुके हैं एवं देश के अनेक प्रांतों में अब तक 4000 से ऊपर कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ कर चुके है इन्हें देश में अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।

## जमीनी विवाद के लेकर किया खून, आरोपी गिरफ्तार

# भतीजे ने चाचा को मारी गोली, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बुधवार को नगर के समीपी ग्राम डूंडी पिड़रई में गोली चलने की सूचना डायल 112 में प्राप्त हुई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से मृतक का शव कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जिसमें आरोपियों द्वारा अपना जुर्म कुबूल किया गया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में सफलता हासिल की। बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर हत्या की गई।





### जमीनी विवाद को लेकर हत्या

उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार दो पक्षों मे खेत पर पानी बहाने को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डूडीपिडरई के एक खेत में गोली चलने की घटना हुई है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी तत्काल मौके पर पहुंचे एवं आवश्यक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान रामकुमार उर्फ सचिन पटेल द्वारा बताया गया कि उसके खेत में पानी चल रहा था, इसी दौरान कुछ पानी बगल के खेत में चला गया था। उक्त खेत मृतक प्रेमनारायण के भाई द्वारा सिकवी (पट्टे/बटाई) पर लेकर खेती की जा रही है।

### भतीजे ने चाचा को मारी गोली

जमीनी विवाद एवं खेत में पानी जाने के विवाद के चलते हत्या की गई। बताया गया कि खेत में पानी जाने की बात को लेकर संदीप एवं उसका पिता लेखराम पटेल द्वारा मृतक प्रेमनारायण एवं रामकुमार उर्फ सचिन पटेल से विवाद किया गया तथा गाली-गलौज करते हुए वे अपने घर चले गए। कुछ समय पश्चात दोनों आरोपी पुनः मौके पर लौटे, जहां संदीप द्वारा मृतक प्रेमनारायण को अवैध देशी कट्टे से गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं लेखराम द्वारा रामकुमार उर्फ सचिन पटेल के साथ लाठी से मारपीट की गई। पुलिस की त्वरित कार्यवाही में आरोपियों को चंद घंटों में हिरासत मे लिया गया।

### चंद घंटे में हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

हत्या की घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए थे अरोपियों की तलाश हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी घेराबंदी की गई एवं आरोपियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गईं। तत्पश्चात त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी लेखराम पटेल निवासी डूडीपिडरई को गोटेगांव रोड से तथा आरोपी संदीप पटेल निवासी डूडीपिडरई को खमतरा के पास से अभिरक्षा में लेने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक सौरभ पटेल, उनि मुकेश विसेन, संजय सूर्यवेशी, प्रधान आरक्षक अनुराग, धर्मेन्द्र, आरक्षक नंदकिशोर की मुख्य भूमिका रही है।

### अवैध देशी कट्टे से मारी गोली

उक्त घटना के बाद विचारणीय है कि पुलिस सम्पूर्ण जिले सक्रिय है पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध करोबार पर प्रतिबंध लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। लेकिन आरोपियों के हौसले बुलंद है। आरोपी द्वार बिना किसी भय के गोली मार दी गई। लोगों का कहना है कि पुलिस सक्रिय है तो अवैध कट्टे की सप्लाई कहां से आ रही है। पुलिस को चाहिए मामले की सूक्ष्मता से जांच पड़ताल कर अवैध हथियारों की सप्लाई पर भी रोक लगाई जाए। जिससे जिले में अवैध कारोबार पर विराम लग सकें तथा जिले में शांति कायम रह सकें।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा द्वारा मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि दौरान मूल्यांकन केन्द्राधिकारी जी. एस. पटैल द्वारा समस्त विषयों के मूल्यांकन की जानकारी प्रदान करते हुए मूल्यांकन की प्रगति से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने प्रत्येक विषय के मुख्य परीक्षक को मूल्यांकन समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया तथा मूल्यांकन में आ रही कठिनाईयों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं अनुपस्थित मूल्यांकनकर्ताओं को नोटिस जारी करने हेत निर्देशित किया। तत्पश्चाात सहायक मूल्यांकन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार उदेनिया द्वारा मण्डल स्ट्रांग रूम की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मूल्यांकन कार्य की तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए अंको की ऑनलाईन प्रविष्टि के विषय में बतलाया। जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करते हुए राज्य में सर्वप्रथम मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया।



## विश्व क्षय दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिला क्षय केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के निर्देशानुसार तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में अनंत सेवा संस्थान, नरसिंहपुर द्वारा लगभग 25 उपचारित क्षय रोगियों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अनंत दुबे द्वारा मरीजों को उचित पोषण आहार लेने की सलाह दी गई। इसी क्रम में करेली ब्लॉक के जनजातीय ग्राम बरखोआ में विश्व क्षय दिवस मनाया गया, जहाँ हाँ, हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं थीम पर ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई। इस दौरान जागरूकता हेतु टी-शर्ट का वितरण किया गया तथा उपस्थित जनों द्वारा टीबी मुक्त भारत की शपथ ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोटेगांव अंतर्गत ग्राम बंगासपुर में भी ग्रामीणों को टीबी के संभावित लक्षणों की जानकारी दी गई, रैली निकाली गई तथा टीबी उन्मूलन हेतु शपथ दिलाई गई। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तेंदूखेड़ा में टीबी के कारण, लक्षण, उपचार एवं बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा फूड बास्केट का वितरण किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित आमजन की सक्रिय सहभागिता रही।

## परीक्षा परिणाम मेहनत, समर्पण व सतत प्रयासों का प्रतिफल: कलेक्टर



### नरसिंहपुर जिला प्रदेश में रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्यप्रदेश में घोषित कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के परीक्षा परिणामों में नरसिंहपुर जिले ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता कायम रखी है। जिले ने कक्षा 5 वीं में 98.63 प्रतिशत और कक्षा 8 वीं में 99.38 प्रतिशत का उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की वार्षिक परीक्षा में जिले द्वारा प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर विभाग के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इसी तरह सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने भी अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिले के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, समर्पण एवं सतत प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता निरंतर प्रगति करेगी और इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते रहेंगे। कलेक्टर ने गोटेगांव के बीईओ एवं बीआरसी को कक्षा 8 वीं में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा चीचली के बीईओ एवं बीआरसी को कक्षा 5 वीं में उत्कृष्ट परिणाम के लिए विशेष रूप से बधाई दी। सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को प्रकृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का आग्रह किया, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित स्टाफ मौजूद था।

## 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर चैम्बर में जिले के ग्राम हेमरा निवासी श्रीमती अनीता पति राजेन्द्र लोधी को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चैक प्रदान किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। इस सहायता से हितग्राही परिवार को आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहयोग प्राप्त होगा।

## जनपद में संकल्प से समाधान, ब्लॉक स्तरीय शिविर संपन्न




तेंदूखेड़ा

विगत दिवस प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाएं सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत चांवरपाठा में आयोजित शिविर में उपस्थित सभी अधिकारीगणों को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नागरिक किसी भी कारण से वंचित न रहे। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करें। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखें। हमारा संकल्प है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और उसे उसका अधिकार मिले। इसी उद्देश्य के साथ सभी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## माता सिंह भवानी मंदिर मार्ग पर असुरक्षा का माहौल

## शराबियों का जमावड़ा, श्रद्धालुओं में आक्रोश

गोटेगांव

रेलवे स्टेशन के पास स्थित माता सिंह भवानी मंदिर मार्ग पर इन दिनों असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा हुआ है। मुख्य मार्ग पर खुलेआम शराबखोरी से श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।सोमवार सुबह दर्शन के लिए जा रही महिलाओं को शराबियों के कारण असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। मंदिर के पुजारी एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नवरात्रि के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।



## निषादराज के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर; भव्य शोभायात्रा और अनुष्ठानों से झलकी आस्था

# निषादराज जयंती पर गोटेगांव में भव्य आयोजन

गोटेगांव

में निषादराज समाज द्वारा भगवान श्रीराम के अनन्य सखा निषादराज महाराज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्रीराम और निषादराज की आकर्षक झांकियां सजाई गईं।नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई फव्वारा चौक पहुंची, जहां इंजी. सरदारसिंह पटेल के नेतृत्व में विशेष पूजन-अर्चन किया गया।यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत, जल वितरण और प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के समापन पर मंचीय आयोजन में जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन, कन्या पूजन तथा समाज के वरिष्ठजनों, पत्रकारों एवं मेधावी छात्रों का सम्मान किया।इसके साथ ही विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन एवं नशा मुक्ति पर बच्चों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।




## डीजल, पेट्रोल, एवं एलपीजी की कराई जा रही आपूर्ति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की आपूर्ति तथा नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी खपत अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का क्रय और भंडारण करें। अनावश्यक स्टॉक का संग्रहण नहीं करें। वर्तमान में जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। ऑयल कम्पनियों के डिपो से नियमित रूप से आपूर्ति संचालित है। सोशल मीडिया एवं अन्य स्त्रोतों से डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी के संबंध में प्राप्त होने वाली भ्रामक जानकारियों पर ध्यान न दें और उनसे बचें।

**नाम सुधार सूचना**

मैं दुर्गेश कुमार बाढ़ई पिता श्रीराम बाढ़ई उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम काशीखैरी, तहसील तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर शपथर्पूवक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे सभी दस्तावेजों/अभिलेखों मे नाम दुर्गेश कुमार बाढ़ई दर्ज है। एवं मेरे अन्य दस्तावेजों में दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा दर्ज है। अत: मैं अपने शासकीय सेवा अभिलेखों मे दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा दर्ज कराना चाहता है। दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा एवं दुर्गेश कुमार बाढ़ई पिता श्रीराम दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। जिसे एक ही पढ़ा एवं लिखा जावें। जिस हेतु मैं संबंधित कार्यालय में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
दुर्गेश कुमार बाढ़ई